

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

मुक्त चिन्तन

News Letter



उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

दिनांक : 27 जुलाई, 2024

हम पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ

मुक्त विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने आई विनीता हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का स्वागत करती हुई स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रोफेसर मीरा पाल

स्वस्थ जीवन शैली ही खुशहाल जीवन का महत्वपूर्ण सूत्र– कुलपति

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं विनीता अस्पताल, फाफामऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार दिनांक 27 जुलाई, 2024 को सरस्वती परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली से ही बीमारी को दूर भगाया जा सकता है। स्वस्थ जीवन शैली ही खुशहाल जीवन का महत्वपूर्ण सूत्र है। स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम के साथ ही संतुलित आहार और स्वस्थ वातावरण जरूरी है । प्रोफेसर सत्यकाम जी ने कहा कि कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर विश्वविद्यालय विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज के भाग दौड़ के समय में स्वास्थ्य परीक्षण करना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। हर व्यक्ति को वर्ष में दो बार स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य करवाना चाहिए, जिससे हमें अपने स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी प्राप्त हो सके।

स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी

माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने आई विनीता हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रोफ़ेसर मीरा पाल

स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी

स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए कुलसचिव कर्नल विनय कुमार

स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भीड़ लगी रही। 75 से अधिक लोगों ने नामांकन करा कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से वजन, लंबाई, पल्स रेट, ऑक्सीजन लेवल, शुगर तथा ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। चिकित्सकों की टीम ने पूरे मनोयोग के साथ परीक्षण किया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाये जाने के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चिकित्सकों ने महिलाओं में खून की कमी को गंभीरता से लिया। जिसके लिए चिकित्सकों ने खून बढ़ाने के लिए टॉनिक का सेवन करने के सुझाव दिए। स्वास्थ्य परीक्षण में अधिकांश मामले शुगर और ब्लड प्रेशर से संबंधित रिकार्ड किए गये । कार्य के दौरान थकान महसूस कर रहे कई लोगों को पहली बार पता चला कि उन्हें नियमित दिनचर्या बिगड़ने के कारण शुगर और ब्लड प्रेशर की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रोफेसर मीरा पाल ने अस्पताल प्रबंधन की तरफ से आए चिकित्सक डॉ राजीव सिंह, डॉ सुधीर मौर्य एवं डॉ नवनीत एवं पैरा मेडिकल टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अपना–अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी, कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

इससे पूर्व प्रारंभ में माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने आई विनीता हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का स्वागत स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रोफेसर मीरा पाल ने किया। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने आयोजन के रूपरेखा प्रस्तुत की तथा आयोजन की सफलता के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।